# कोटा शहर में गंदगी का अंबार, सड़कों के पेचवर्क भी नहीं हो रहे

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान की भाजपा सरकार का एक साल का जश्न मनाया जा रहा है, लेकिन ये जश्न केवल दिखावा है, लोगों को बरगलाने का प्रयास है लेकिन इस एक साल में ही जनता हताश, परेशान और निराश हो चुकी है।

कोटा उत्तर उप-महापौर सोनू कुरैशी ने कहा कि इस एक साल में राजस्थान में कोई ऐसा कार्य नहीं हुआ जिससे लगा हो की सरकार जनता की सेवा का प्रयास कर रही है, बल्कि उल्टा लोगों के काम नहीं हो रहे, उन्हें चक्कर कटाए जा रहे है, छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी जनता परेशान हो चुकी है।

कोटा शहर की बात करें तो जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं, क्राइम चरम पर पहुंच गया है, आए दिन साइबर ठगी, लूट, डकैती, दुष्कर्म, हत्या और चाकूबाजी के मामले सामने आ रहे हैं। शहर में सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं है, इन एक साल में कोटा में एक भी काम नहीं हुआ।

शहर की जो सड़कों पर पेचवर्क तक नहीं हो रहा है और अधिकारी बजट नहीं होने का हवाला दे रहे हैं। इस सरकार के पास कोई विजन नहीं है। केडीए और नगर निगम में लोग चक्कर काट रहे हैं, ना तो पट्टे बन रहे हैं और ना ही सफाई हो रही है, नाली पटान तक के कार्यों के लिए लोगों को सघर्ष करना पड़ रहा है।

महापुरूषों पर टिप्पणी कर मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे जनता अब समझ गई है। निगम की बोर्ड बैठक तक नहीं हो रही है, बैठक में पार्षद अपनी बात को रख सकता है, लेकिन बोर्ड बैठक नहीं होने से जनता की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

सोनू कुरैशी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के पांच सालों को जनता याद कर रही है, चम्बल रिवर फ्रंट जहां कोटा महोत्सव बनाया जा रहा है, सिटी पार्क, किशोर सागर, में पर्यटक आ रहे हैं। कोटा में कांग्रेस के समय हर वार्ड में सीसी सड़के बनाई गई थी, पार्क निर्मित किए थे, कब्रिस्तान और शमशानों के काम हुए थे, वार्ड की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक भवन, शौचालय, नाली, स्कूल सहित कई जगह कार्य हुए थे। लेकिन इन एक साल में जनता ने कष्ट भोगा है, उन्हें गुमराह किया जा रहा है, अब हर आमजन कहने लगा है कि भाजपा के बाकी चार साल में क्या हालत होने वाली है, यह सोचकर डर लगने लगा है।

## टीकाकरण अभियान 31 तक

**बूंदी** (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से नियमित टीकाकरण का विशेष अभियान 31 दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा। इसके तहत ऐसे बच्चे जिनकी उम्र 10 सप्ताह से ज्यादा हो गया है, जिनको अभी तक किसी भी कारण से पेंटावेलेंट वैक्सीन व अन्य साथ दी जाने वाली वैक्सीन की प्रथम खुराक भी नहीं दी गई है को 31 दिसम्बर तक चलाए जाने वाले विशेष अभियान में टीकाकरण किया जाएगा।

## रेल कर्मचारियों के कई मुद्दों पर चर्चा की

**कोटा,** (निसं)। रेलवे में यूनियनों के मान्यता के चुनाव के पश्चात आयोजित प्रथम पीएनएम मीटिंग मण्डल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें रेल कर्मचारियों के कई ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई। संघ प्रवक्ता विमल मित्तल ने बताया कि वार्ता के प्रारम्भ में मण्डल रेल प्रबंधक कोटा द्वारा संघ के मण्डल अध्यक्ष एवं मण्डल सचिव व समस्त कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई दी, एवं मण्डल की सकारात्मक उपलब्धियों पर चर्चा की गई है।

मण्डल अध्यक्ष एस.के. गुप्ता ने बताया कि इन्जीनियरिंग रेल पथ डिपो में चार पहिया वाहनों की वैद्यता समाप्त हो गई हैं, उसके एवज में पिकअप वैन उपलब्ध करवाने की मांग की गई। वहीं इन्जीयरिंग विभाग में वॉचमैन के पदों को हटाने के पश्चात वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध करवाने की भी मांग की गई। मीटिंग में मण्डल सचिव अब्दुल खालिक ने रेल कर्मचारियों की समस्याओं से संबंधित कई गम्भीर मुद्दे उठायें। पीवे कई स्टॉफ सरप्लस किये जा रहे है जिन्हे वैकल्पिक पद वर्कशॉप/स्टोर कोटा दिये जाने के कारण स्थानान्तरण से पैतृक निवास छोड़ना पड़ रहा है इस समस्या के निराकरण के लिए कर्मचारियों को अन्य वैकल्पिक पद उनके पैतृक स्टेशन पर किये जाने की मांग की गई। सुपरवाईजरों को साप्ताहिक विश्राम दिये जाने की मांग की गई, इसके साथ ही इन्जीनियरिंग विभाग के ट्रेकमेन्टैनर्स को बिना दावा फार्म भरवाये, साईकिल एलाउन्स 180 रूपये प्रतिमाह भुगतान करवाने की मांग की गई। वन्दे भारत ट्रेन में जो स्टॉफ वर्किंग को लेकर जो पॉलिसी बनी हुई है उसकी अनुपालना की जायें।

## सार-समाचार

### अभियान के तीसरे चरण का शुभारम्भ आज

**कोटा,** (निसं)। अभावग्रस्त परिवारों की गर्भवती महिलाओं को पोषण की उपलब्धता और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर 2020 में कोटा से शुरू हुए सुपोषित मां अभियान को देशभर में सराहना मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पीकर बिरला की इस पहल की न केवल संसद भवन में प्रशंसा की बल्कि इसे हर सांसद के लिए अनुकरणीय बताया। इस अभियान के तीसरे चरण की शुरुआत शुक्रवार को श्रीराम रंगमंच, दशहरा मैदान, कोटा में आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा की जाएगी। गर्भवती महिला स्वयं स्वस्थ रहे और स्वस्थ शिशु को जन्म भी दे, इस ध्येय से प्रारम्भ हुए सुपोषित माँ अभियान को अपने लक्ष्य से कहीं अधिक सफलता मिली। कोटा-बून्दी की 5 हजार गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के लक्ष्य के साथ शुरू हुए इस अभियान का लाभ पिछले 5 वर्ष में 15 हजार महिलाओं को मिला। उचित पोषण मिलने से गर्भवती महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है और वे स्वस्थ शिशु को जन्म दे रही हैं।

### नहर में अधेड़ का शव मिला

**कोटा,** (निसं)। रेलवे कॉलोनी थाना इलाके के नहर में एक 40 वर्षीय व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिला। रेलवे कॉलोनी इलाके के रेलवे अस्पताल के समीप नहर में एक व्यक्ति के शव के पड़े होने की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और एनडीआरएफ टीम को मौके पर बुलाकर नहर की जलकुंभी में फंसे शव को बाहर निकलवाया गया। नहर में अज्ञात व्यक्ति का शव देखकर मौके पर काफी लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। रेलवे कॉलोनी थाने के हैड कांस्टेबल महेन्द्र ने बताया कि रेलवे अस्पताल के समीप नहर में एक व्यक्ति के शव पड़े होने की सूचना मिली। सूचना पर मौके पर टीम को बुलाकर शव को बाहर निकलवाया। हैड कांस्टेबल ने बताया कि मौके पर ही मृतक की शिनाख्त के प्रयास किये गये। लेकिन काफी प्रयास के बाद भी मौके पर मृतक की शिनाख्त नही हो पाई। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष है। मृतक का शव फुला हुआ और ऑखे बाहर निकली हुई थी। मृतक के हाथ मे विजय के नाम का टेटू गुदा हुआ था। संभवतः शव दो तीन दिन पुराना है। मृतक के शव की शिनाख्त नही होने पर मृतक के शव को एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम मे रखवा दिया है। मृतक की शिनाख्त के प्रयास जारी है।

### श्याम भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**छबड़ा** (निसं)। कीर्तन कि है रात, बाबा आज थाने आनो है, तू है मेरा एक संवारा, कभी रूठना न मुझसे श्री श्याम सांवरे जैसी मधुर भजनों की रसधार ऐसी बही कि बुधवार की रात लखदातार खाटू नरेश के नाम रही। श्रद्धालु पूरी रात झूमते रहे। कार्यक्रम आरंभ से पूर्व सर्वप्रथम श्रीखाटू श्याम बाबा की प्रतिमा के सम्मुख अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई। श्री श्याम सेवा मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस भक्तिमय अनुष्ठान में बाबा का अनुपम भव्य श्रृंगार, अखंड ज्योति, रात्रि जागरण, बाबा की आराधना, अर्चना वंदना आदि की प्रस्तुति की गई। आयोजित भजन-कीर्तन कार्यक्रम में उपस्थित भक्तगण भजनों की अमृतवर्षा में गोता लगाते रहे। जागरण में इंदोर से दुर्गा गामड, ग्वालियर के आषिश षर्मा व षिवानी षर्मा ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय बना दिया और स्थानीय भजन गायक बनवारी षर्मा द्वारा भी बाबा ष्याम को रिझाने के लिए गाए सुंदर भजनो से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायको ने राजस्थानी में भजन गाकर श्रोताओं में भक्तिरस बिखेर दिया और भजनों से परिसर को खाटू नगरी बना दिया।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

**झालावाड़** (निसं)। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में 27 दिसम्बर को पंचायती राज विभाग में स्वामित्व योजनान्तर्गत पट्टे व प्रोपर्टी पार्सल वितरण एवं लाभार्थियों से सम्बोधन कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसका लाइव प्रसारण प्रदेश के सभी जिलों में किया जाएगा। झालावाड़ जिले में ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्य मंत्री एवं झालावाड जिले के प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी के मुख्य आतिथ्य में 27 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे मिनी सचिवालय स्थित ऑडिटोरियम में पंचायती राज विभाग में स्वामित्व योजनान्तर्गत पट्टे व प्रोपर्टी पार्सल वितरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### दो डम्पर में भिड़ंत, एक की मौत

**छबड़ा** (निसं)। छबड़ा-धरनावदा सडक मार्ग पर बीती रात्रि को दो डंपरों में हुई आमने-सामने की भिड़ंत में एक डम्पर चालक की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर छबडा सीएचसी में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारम्भ कर दी है। बापचा थाना अधिकारी बुद्धराम जाट के अनुसार राजेश कुमार गुर्जर (30) पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी दाता मोतीपुरा थाना मोठपुर डम्पर से छबड़ा से प्लांट की ओर जा रहा था। वही दूसरी ओर से भी डम्पर आ रहा था। इसी बीच बापचा फाटक के निकट दोनों डम्परों में आमने सामने की भिडंत हो गई। इस भिड़ंत में राजेश कुमार की मृत्यु हो गई।

### आयुष्मान आरोग्य शिविर आज

**रामगंजमण्डी** (निसं)। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर 27 दिसम्बर, शुक्रवार को जिले के खैराबाद सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पांच जगह आयोजित होंगे। सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि ब्लॉक लाडपुरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरण्डखेडा सांगोद के मोईकलां सुल्तानपुर के गढ़ेपान इटावा के लुहावद और खैराबाद ब्लॉक के खैराबाद पीएचसी पर शिविर लगाए जाएंगे। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य जांचे परामर्श व उपचार की सुविधा के साथ ही दवाईयां दी जाएंगी एवं आभा आईडी भी बनाई जाएगी।

### राज्य स्तर के लिए शीतल का चयन

**रामगंजमण्डी** (निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित युवा महोत्सव में मोडक की शीतल मेहता ने खडताल वादन में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया। संभाग स्तरीय इस प्रतियोगिता में चार जिलों के प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा और अपनी अद्भुत कलाओं का प्रदर्शन किया। शीतल मेहता ने अपने खडताल वादन से श्रोताओं और निर्णायक मंडल को मंत्रमुग्ध कर दिया।उनकी प्रस्तुति ने न केवल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिलाया, बल्कि उन्हें राज्य स्तरीय महोत्सव के लिए भी चयनित किया गया है। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों और माता-पिता को दिया।

### करंट से युवक की मौत

**छबड़ा** (निसं)। बापचा में घरेलू कार्य करते समय विद्युत करंट लगने से एक युवक की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई। बापचा पुलिस के अनुसार अजय सहरिया (20) पुत्र नंदकिशोर निवासी बापचा घरेलू कार्य करते समय झुलस गया। परिजन उपचार के लिए उसे छबड़ा चिकित्सालय लेकर आए। चिकित्सक ने उसे जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### नगर कीर्तन निकाला

**रावतभाटा,** (निसं)। गुरु रूप प्यारी साध संगत जी गुरुद्वारा सिंह सभा रावतभाटा में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के छोटे बच्चे बाबा जोरावर सिंह जी या बाबा फतेह सिंह जी की शहीदी को मुख रखते हुए वीर बाल शहीदी दिवस मनाया गया। जिस में पुराना बाजार से प्रभात फेरी के रूप में संगत ने नगर कीर्तन किया, प्रभात फेरी एनटीसी तक गई। पुनः प्रभात फेरी गुरुद्वारा आई। गुरुद्वारा साहिब में कीर्तन, कथा विख्यान हुआ। जिसमें आए गुरनाम सिंह ने कथा की ज्ञानी सतनाम सिंह जी ने कीर्तन कर संगत को निहाल किया। अनात में अरदास करके अटूट लंगर वर्तया गया। रास्ते में आते समय सभी लोगों ने फुलो से स्वागत किया।

### सतर्कता समिति की बैठक

**झालावाड़** (निसं)। जिला जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक गुरूवार को मिनी सचिवालय के सभागार में जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिला जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक में अतिक्रमण हटवाने एवं ट्रान्सफार्मर लगवाने संबंधी 6 प्रकरणों पर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की।

### कार्यक्रम आयोजित

**बूंदी** (निसं)। शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली व नाला निर्माण का कार्य कर रही राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के सामुदायिक जागरुकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत रूडीप की अधिशाषी अभियंता सोनम शर्मा के निर्देशन तथा कनिष्ठ अभियंता कुश कुमार के सहयोग से शहर के मोरडी पाड़ा वार्ड नंबर 14 में लक्षित समूह चर्चा कार्यक्रम आयोजित कर परियोजना के बारे में जागरूक किया गया।

## सार-समाचार

### एस.डी.पी. डोनेट की

**कोटा,** (निसं)। कोटा शहर में रक्तदान को लेकर बेहद जागरूकता है और सेवाभावी लोगों के कारण हर संभव मदद मरीज की हो रही है, लेकिन यदि एबी नेगेटिव ग्रुप का केस सामने आए तो सभी व्याकुल हो जाते हैं, परेशानियां बढ़ जाती है, क्योंकि शहर में गिने चुने लोग ही हैं जिनका एबी नेगेटिव ब्लड ग्रुप है और यदि एसडीपी की डिमांड आ जाए तो असंभव सा कार्य लगता हैं। लेकिन टीम जीवन दाता के प्रयास से असंभव कार्य को भी संभव किया जा रहा है। टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि मरीज अंकित पांडे को ए प्लास्टिक एनीमिया की शिकायत पर चिकित्सकों ने एबी नेगेटिव एसडीपी के लिए कहा, अटेंडर संदीप पांडे उनके भाई परेशान हो रहे थे, उन्होंने अपने स्तर पर काफी प्रयास किया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली, ऐसे में उन्होंने भाजपा के विकास शर्मा को कॉल किया, विकास शर्मा ने टीम जीवनदाता से संपर्क किया। भुवनेश गुप्ता ने बताया कि उसके बाद अपनी ड्यूटी निभा रहे ब्रजराज सिंह को कॉल किया। वह होमगार्ड में अपनी ड्यूटी कर रहे थे, ब्रजराज सिंह की कुछ समय पहले ही टीम जीवनदाता द्वारा मदद की गई थी, उस समय उन्होंने कहा था की सेवा के लिए वह भी आगे आएंगे और उसी के तहत ब्रजराज सिंह ने अपने उच्च अधिकारियों से अनुमति ली और वह सीधे अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और उन्होंने 7वीं बार एबी नेगेटिव एसडीपी डोनेट की। वह इससे पूर्व 35 बार ब्लड डोनेशन कर चुके है। वह इससे पूर्व भी कई बार एसडीपी डोनेट कर सेवा कार्य कर चुके हैं। दिनभर से एसडीपी के लिए परेशान परिजनों को जब एसडीपी मिली तो उन्होंने टीम जीवनदाता का आभार जताया और राहत की सांस ली।

### शिविरों में 73 प्रकरणों का निस्तारण

**झालावाड़** (निसं)। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गुरूवार को जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय पर संबंधित उपखण्ड अधिकारियों के निर्देशन में विशेष अटल जन सेवा शिविर आयोजित किये गए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सत्यनारायण आमेटा ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के तहत झालावाड़ जिले के सभी ब्लॉक (पंचायत समिति) पर आयोजित विशेष अटल जन सेवा शिविरों में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई कर प्राप्त कुल 89 प्रकरणों में से 73 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण करवाया गया तथा शेष 16 प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण करने के लिए परिवादी को आश्वस्त किया गया।

